# प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

**दिनांकः 03.08.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दिल्ली प्रवास पर है। आज दूसरे दिन उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष से मुलाकात की। इससे पहले कल मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भेंट कर राज्य के विकास कार्यो और रिफाइनरी के बारे में चर्चा की।

0000

अजमेर में आज मातृ शक्ति मॉनसून फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने बताया कि इसमें महिलाओं के मनोरंजन की विभिन्न गतिविधियां हो रही है। इसके साथ ही उन्हें सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया जा जा रहा है। उन्होंने बताया कि फेस्ट में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया है और महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी जायेगी। श्रीमती भदेल ने बताया कि समारोह में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजेया राहटकर के भी शामिल होने का कार्यक्रम हैं।

0000

मेडिकल में प्रवेश के लिए आज देशभर में कई केन्द्रों पर नीट पीजी परीक्षा आयोजित की गई। कम्प्यूटर आधारित इस परीक्षा में लगभग ढाई लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। सुबह 9 बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक एक पारी में ये परीक्षा हुई।

0000

अलवर में पांच अगस्त से सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। 20 अगस्त तक चलने वाली इस रैली में अलवर, खैरथल–तिजारा, भरतपुर, डीग, धौलपुर और कोटपूतली–बहरोड़ जिलों के युवा भाग ले सकेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों का चयन अग्निवीर की विभिन्न श्रेणियों के लिए किया जाएगा।

0000

जयपुर में अवैध गैस रीफिलिंग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए रसद विभाग ने कल 85 सिलेण्डर जब्त किये। जिला रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा ने बताया कि दो अलग–अलग स्थानों पर हुई इस कार्यवाही में पांच रीफिलिंग मोटर और कांटा मशीनें भी पकडी गई।

0000

भरतपुर में आज एक सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि सोंक मार्ग पर एक बेकाबू ट्रेक्टर ट्रॉली के पलटने से इसकी चपेट में दो मोटरसाइकिल सवार आ गये और उन्होंने मौके पर ही दम तोड दिया। उधर झुंझुनूं के पिलानी में कल कार और मोटरसाईकिल की टक्कर में दो युवकों की मृत्यु हो गई। हादसा चिडावा रोड़ पर हुआ। इस दौरान मोटरसाईकिल सवार दोनो युवकों ने मौके पर ही दम तोड दिया।

0000

भारतीय अंगदान दिवस के मौके पर प्रदेश में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। अंगदान जीवन संजीवनी अभियान के तहत लोग संकल्प पत्र भी भर रहे है। देशभर में 1 से 31 जुलाई तक अंगदान माह मनाया गया। इस दौरान वेबिनार सूचना कियोस्क और प्रतिज्ञा सहित कई कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अंगदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। वहीं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कल नई दिल्ली में भारतीय अंगदान दिवस समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शहरों के बीच दान किए गए अंगों की समय पर और सुचारू आवाजाही के लिए बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षित जनशक्ति की उपलब्धता में सुधार किया जा रहा है। समारोह में राजस्थान को अंग दान के क्षेत्र में व्यापक जन जागरूकता के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया।

0000

राज्य में धीमे पडे भारी बारिश के दौर के आज से फिर रफ्तार पकडने के आसार है। जयपुर और भरतपुर संभाग में 6 अगस्त तक कुछ भागों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आज 9 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसमें सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, दौसा और सवाई माधोपुर जिले शामिल हैं। आज बारां, सवाईमाधोपुर, डीग, बांसवाडा, और सिरोही में रिमझिम बरसात का दौर जारी है। वहीं बीते 24 घंटों में माउन्टआबू में साढे सात सेंटीमीटर पानी बरसा। अलवर, बांसवाडा, भरतपुर, दौसा, धौलपुर और करौली से भी मध्यम बरसात के समाचार हैं।

0000